भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

24 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा आगरा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित विशाल "विजय संकल्प" सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

समग्र राष्ट्र श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। देश की जनता ने जाति-पाति की राजनीति को तिलांजलि देकर "सबका साथ, सबका विकास" करने वाली मोदी सरकार को 2014 से भी अधिक बहुमत से पुनः केंद्र में बनाने का मन बना लिया है

****

2019 का लोक सभा चुनाव देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण का चुनाव है, आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने का चुनाव है, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का चुनाव है और यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार के अलावे कोई और नहीं कर सकता

****

देश में एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पित भाजपा नीत एनडीए गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी एवं अन्य विपक्षी दलों का ऐसा महागठबंधन है जिसके लिए देश नहीं, केवल अपना स्वार्थ और भ्रष्टाचार ही प्राथमिकता है

****

शर्म आनी चाहिए राहुल गाँधी को जो वे प्रेस कांफ्रेंस करके एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े करते हैं। अपने ही वीर जवानों के शौर्य व पराक्रम का अपमान कर राहुल गाँधी किसकी तरफदारी कर रहे हैं? आपको पता है राहुल गाँधी कि देश के मनोबल को तोड़ने वाले आपके बयान पाकिस्तान में सुर्खियाँ बनते हैं?

****

समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने पुलवामा हमले और भारत के एयर स्ट्राइक को षड़यंत्र करार दिया तो राहुल गाँधी के सलाहकार कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा कि आतंकवादियों पर बम नहीं गिराना चाहिए, पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए। ये देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है

****

वोटबैंक की राजनीति के लिए और कितना गिरेंगे राहुल गाँधी? वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मत कीजिये। सोनिया-मनमोहन की सरकार के 10 वर्षों में लगातार आतंकवादी हमले होते रहे लेकिन कांग्रेस की यूपीए सरकार ने आतंकवादियों पर कोई कड़ा एक्शन नहीं लिया

****

देश की सुरक्षा विपक्षी गठबंधन कतई सुरक्षित नहीं कर सकती। यह केवल भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार ही कर सकती है

****

आज केंद्र में मोदी सरकार है - पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक करके हमने दुनिया को दिखा दिया है कि यह न्यू इंडिया है जो अमेरिका और इजराइल की तरह देश के दुश्मनों को घर में घुस कर ख़त्म करने की ताकत रखता है

****

चाहे वह मायावती हों या ममता बनर्जी, शरद पवार हों या स्टालिन - विपक्षी महागठबंधन के नेता एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हटाने की बात तो करते हैं लेकिन जैसे ही चुनाव लड़ने की बात आती है तो हाथ खड़े कर देते हैं। इनमें चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है और मोदी जी को हटाने का स्वप्न देख रहे हैं!

****

आजादी के 70 सालों में 55 वर्षों तक देश में केवल कांग्रेस पार्टी के एक परिवार का शासन रहा लेकिन समग्र राष्ट्र विकास से अछूता ही रहा। देश के 50 करोड़ गरीबों ने पहली बार मोदी सरकार में आजादी का अनुभव किया है

****

उत्तर प्रदेश में भी 20 वर्षों तक सपा-बसपा की सरकारें रही। एक ने एक जाति का विकास किया तो दूसरी ने दूसरी जाति का लेकिन उत्तर प्रदेश के विकास के बारे में बुआ-भतीजा में से किसी ने भी नहीं सोचा

****

सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार और यूपी में 20 वर्षों तक बुआ-भतीजे की सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावे कुछ और नहीं किया। आज केंद्र में पांच वर्षों से मोदी सरकार है, उत्तर प्रदेश में भी दो वर्षों से योगी सरकार है लेकिन दोनों भाजपा सरकारों पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है

****

अब तक मोदी सरकार उत्तर प्रदेश के विकास के लिए लगभग 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित कर चुकी है। मोदी जी ने माँ गंगा को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया है

****

देश भर के लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए युमुना मैया आस्था और श्रद्धा का केंद्र बिंदु है और जब तक माँ यमुना निर्मल नहीं होती, माँ गंगा को पूरी तरह से स्वच्छ नहीं किया जा सकता। माँ गंगा और यमुना मैया, दोनों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाना भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है

****

विपक्षी गठबंधन की एक ही पहचान - सेना का करे अपमान। विपक्षी गठबंधन वोटबैंक की राजनीति और भ्रष्टाचार के लिए सेना को भी अपमानित करने से बाज नहीं आती। इस बार के लोक सभा चुनाव में देश की जनता ऐसे लोगों को करारा जावाब देगी

****

वर्षों बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में देश को अहर्निश परिश्रम करने वाला प्रमाणिक, संवेदनशील और निर्णायक प्रधानमंत्री मिला है जो देश की सुरक्षा और देश के विकास के लिए कड़े फैसले ले सकता है। यह हमारा दायित्व है कि हम सब एक मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें और देश में विकास की सतत प्रक्रिया को और गति दें

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज आगरा (उत्तर प्रदेश) के आगरा कॉलेज ग्राउंड में विशाल “विजय संकल्प” सभा को संबोधित किया और देश में विकास को बाधित करने और देश की जनता एवं भारत के वीर जवानों का अपमान करने के लिए राहुल गांधी एंड कंपनी पर कड़ा प्रहार किया। आगरा की सभा में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के साथ यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी देश भर में 24 और 26 मार्च को लगभग 500 जगहों पर हर लोक सभा क्षेत्र में “विजय संकल्प” सभा का आयोजन कर रही है और कांग्रेस एंड कंपनी को विभिन्न मोर्चों पर बेनकाब कर रही है। “विजय संकल्प” सभा की इस कड़ी के तहत आज देश भर में लगभग 200 से अधिक स्थानों पर सभाओं का आयोजन किया गया है। इसी तरह 26 मार्च 2019 को भी देश भर के लगभग 250 अन्य शहरों में “विजय संकल्प” सभा आयोजित की जायेगी। इन सभाओं को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह, गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं, केन्द्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उप-मुख्यमंत्रियों एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने देश भर में अलग-अलग जगह संबोधित कर रहे हैं।

आगरा कॉलेज ग्राउंड में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि **समग्र राष्ट्र श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। देश की जनता चट्टान की तरह प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ी है। जनता के अपार उत्साह और समर्थन से स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी 2014 से भी अधिक बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाने जा रही है।** उन्होंने कहा कि **देश में एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पित भाजपा नीत एनडीए गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी एवं अन्य विपक्षी दलों का ऐसा महागठबंधन है जिसके लिए देश नहीं, केवल**

अपना स्वार्थ और भ्रष्टाचार ही प्राथमिकता है। तथाकथित विपक्षी महागठबंधन का न तो कोई नेता है, न नीति और न ही कोई सिद्धांत।

विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मायावती कहती हैं कि मोदी जी को हटाया जाय लेकिन खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहती। ममता बनर्जी मोदी जी को हटाना चाहती हैं लेकिन खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहती। शरद पवार मोदी जी को हटाना चाहते हैं लेकिन खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहते। राज ठाकरे, स्टालिन सारे मोदी जी को हटाना चाहते हैं लेकिन चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। विपक्षी महागठबंधन के नेता एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हटाने की बात तो करते हैं लेकिन जैसे ही चुनाव लड़ने की बात आती है तो हाथ खड़े कर देते हैं। इनमें चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है और मोदी जी को हटाने का स्वप्न देख रहे हैं!** उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि यदि गलती से भी देश में कथित महागठबंधन की सरकार आई तो सप्ताह के छः दिन अलग-अलग प्रधानमंत्री होंगे। सोमवार को अखिलेश यादव प्रधानमंत्री बनेंगे, मंगलवार को मायावती बनेंगी, बुधवार को शरद पवार प्रधानमंत्री बनेंगे, गुरुवार को ममता बनर्जी प्रधानमंत्री बनेंगी, शुक्रवार को चंद्रबाबू तो शनिवार को स्टालिन प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे और रविवार को पूरा देश छुट्टी पर चला जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **आजादी के 70 सालों में 55 वर्षों तक देश में केवल कांग्रेस पार्टी के एक परिवार का शासन रहा लेकिन समग्र राष्ट्र विकास से अछूता ही रहा। देश के 50 करोड़ गरीबों ने पहली बार मोदी सरकार में आजादी का अनुभव किया है।** उन्होंने कहा कि उत्तर **प्रदेश में भी 20 वर्षों तक सपा-बसपा की सरकारें रही। एक ने एक जाति का विकास किया तो दूसरी ने दूसरी जाति का लेकिन उत्तर प्रदेश के विकास के बारे में बुआ-भतीजा में से किसी ने भी नहीं सोचा।** आज केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार है तो राज्य में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में। मोदी-योगी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम करते हुए बिना जाति और धर्म के भेदभाव के 6 करोड़ से अधिक महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई, लगभग दो करोड़ 35 लाख घरों में बिजली पहुंचाई गई और 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने लघु एवं सीमान्त किसानों की कर्जमाफी की, किसानों के धान और गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद की और अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के 12 करोड़ से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की सहायता राशि दे रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **2019 का लोक सभा चुनाव देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण का चुनाव है, आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने का चुनाव है, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का चुनाव है और यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार के अलावे कोई और नहीं कर सकता। देश की जनता ने जाति-पाति की राजनीति को तिलांजलि देकर "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत पर अंत्योदय के लिए कार्य करने वाली मोदी सरकार को पुनः केंद्र में बनाने का मन बना लिया है।**

श्री शाह ने कहा कि केंद्र में 10 सालों तक सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व में कांग्रेस की गठबंधन वाली यूपीए सरकार चलती रही। **यूपी में भी 20 वर्षों तक बुआ-भतीजे की सरकार चलती रही लेकिन इन सरकारों ने भ्रष्टाचार के अलावे कुछ और नहीं किया। सोनिया-मनमोहन की सरकार में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए। आज केंद्र में पांच वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, उत्तर प्रदेश में भी दो वर्षों से योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है लेकिन दोनों भाजपा सरकारों पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में लगातार देश में पाक प्रेरित आतंकवादी हमले होते रहे लेकिन कांग्रेस की यूपीए सरकार ने आतंकवादियों पर कोई कड़ा एक्शन नहीं लिया।** आज केंद्र में मोदी सरकार है - **पहले उरी के कायराना आतंकी हमले का जवाब पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया गया और अब पुलवामा का जवाब पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक करके हमने दुनिया को दिखा दिया कि हम अपने देश की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह न्यू इंडिया है जो अमेरिका और इजराइल की तरह देश के दुश्मनों को घर में घुस कर ख़त्म करने की ताकत रखता है।**

विपक्ष पर जबरदस्त प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि हमने पुलवामा में शहीद भारत माँ के वीर सपूतों का बदला पाकिस्तान की आतंकी ठिकाने को ध्वस्त करके क्या लिया कि कांग्रेस सहित विपक्ष के नेता स्ट्राइक पर ही सवाल उठाने लगे। इन विपक्षी पार्टियों ने सर्जिकल स्ट्राइक पर भी इसी तरह सवाल उठाये थे। **समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने इसे षड़यंत्र करार दिया तो कांग्रेस के बड़े नेता और राहुल गाँधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा कि आतंकवादियों पर बम नहीं गिराना चाहिए, पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए। मैं देश की जनता से पूछना चाहता हूँ कि जो सरहद पर हमारी सेना पर गोली चलाते हों, उसका जवाब गोले से देना चाहिए या नहीं? शर्म आनी चाहिए राहुल गाँधी को जो वे प्रेस कांफ्रेंस करके एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े करते हैं। ऐसा करके राहुल गाँधी किसी मदद कर रहे हैं? अपने ही वीर जवानों के शौर्य व पराक्रम का अपमान कर राहुल गाँधी किसकी तरफदारी कर रहे हैं? आपको पता है राहुल गाँधी कि देश के मनोबल को तोड़ने वाले आपके बयान पाकिस्तान में सुर्खियाँ बनते हैं? वोटबैंक की राजनीति के लिए और कितना गिरेंगे राहुल गाँधी? वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मत कीजिये।** आप वोट बैंक की राजनीति कीजिये, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जब शहीदों के सम्मान और देश की सुरक्षा सवाल आता है, तब तो ऐसी निकृष्ट राजनीति मत कीजिये राहुल गाँधी। आपकी राजनीति को समग्र देश की जनता देख रही है। **देश की सुरक्षा विपक्षी गठबंधन कतई सुरक्षित नहीं कर सकती। यह केवल भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार ही कर सकती है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए कई कार्य किये हैं। **अब तक मोदी सरकार उत्तर प्रदेश के विकास के लिए लगभग 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित कर चुकी है। मोदी जी ने माँ गंगा को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया है।** उन्होंने कहा कि आज योगी आदित्यनाथ जी ने यमुना मैया को भी स्वच्छ करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि **देश भर के लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यमुना मैया आस्था और श्रद्धा का केंद्र बिंदु है**

और जब तक माँ यमुना निर्मल नहीं होती, माँ गंगा को पूरी तरह से स्वच्छ नहीं किया जा सकता। माँ गंगा और यमुना मैया, दोनों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाना भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आगरा में लगभग 3,000 करोड़ रुपये की लागत से शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है, और भी ढेर सारे कार्य किये गए हैं।

श्री शाह ने कहा कि **एक ओर देश के विकास के प्रति समर्पित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो दूसरी ओर सत्ता के स्वार्थ और भ्रष्टाचार का संगम विपक्षी महागठबंधन। एक ओर देश की सुरक्षा के प्रति समर्पित मोदी सरकार है तो दूसरी ओर आतंकवादियों के पक्ष में वोटबैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेसी गठबंधन।** उन्होंने कहा कि **विपक्षी गठबंधन की एक ही पहचान - सेना का करे अपमान।** उन्होंने कहा कि **विपक्षी गठबंधन वोटबैंक की राजनीति और भ्रष्टाचार के लिए सेना को भी अपमानित करने से बाज नहीं आती। इस बार के लोक सभा चुनाव में देश की जनता ऐसे लोगों को करारा जावाब देगी।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **बहुत वर्षों बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में देश को अहर्निश परिश्रम करने वाला प्रमाणिक, संवेदनशील और निर्णायक प्रधानमंत्री मिला है जो देश की सुरक्षा और देश के विकास के लिए कड़े फैसले ले सकता है। यह हम सब का दायित्व है कि हम सब एक मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें और देश में विकास की सतत प्रक्रिया को और गति दें।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव